


GOLDEN BABY LEAGUES

Play • Learn • Perform

# लीग ऑपरेटर हैंडबुक 2022-23

# प्रस्तावना

ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) सीजन 2022-23 के लिए गोल्डन बेबी लीग के तीसरे एडिशन की शुरुआत करते हुए प्रसन्न है। गोल्डन बेबी लीग के सफलता के 02 वर्ष पूर्ण होने के बाद, यह लीग कोविड से प्रभावित हुई थी। हम अपने लीग ऑपरेटर्स के जुनून, ताकत और दृढ़ता को पहचानते हैं, जिन्होंने इस अवधि के दौरान विभिन्न तरीकों से बच्चों को फुटबॉल में शामिल करना जारी रखा और अब जब ऐसा महसूस होता है कि यह महामारी से हम आगे बढ़ चुके हैं, तो हम आपको अपने बच्चों को खेल के मैदान में वापस आने के लिए आमंत्रित करते हैं, ताकि वे गोल्डन बेबी लीग के माध्यम से फ़ुटबॉल, फ़ुटसल या बीच सॉकर सीखें, खेलें और दोस्त बनाएं।

यह हैंडबुक भारतीय फ़ुटबॉल के सभी साझेदारों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, जो बच्चों को फ़ुटबॉल के माध्यम से जोड़ना चाहते हैं और बदलाव लाना चाहते हैं, फिर चाहे वह क्लब हों, अकादमी हों, या स्कूल, गैर-सरकारी संगठन, माता-पिता, कोच या फ़ुटबॉल के प्रशंसक हों। कोई भी एआईएफएफ गोल्डन बेबी लीग का आयोजन देश में कहीं भी करवा सकता है। इस लीग का उद्देश्य बच्चों के स्थानीय समुदायों के बीच उनके लिंग, धर्म, आर्थिक पृष्ठभूमि या जातीय आधारित भेदभाव के बिना फुटबॉल के खेल को लोकप्रिय बनाना है।

हमारे लीग ऑपरेटर्स के फीडबैक के आधार पर, हमने इस सीजन को व्यवस्थित करने के लिए गाइडलाइन्स को और भी अधिक लचीला और आसान बना दिया है। इसका प्रमुख उद्देश्य एक सुरक्षित, स्वागत योग्य, मज़ेदार और गुणवत्तापूर्ण फ़ुटबॉल अनुभव प्रदान करना है और हम आशा करते हैं कि, यह हैंडबुक हमारे बच्चों के लिए ऐसा खेल वातावरण बनाने में आपकी सहायता करती है।

आपके प्रश्न, फीडबक और कहानियां हमारे लिए बहुत महत्त्वपूर्ण हैं और इन्हें babyleagues@the-aiff.com पर भेजा जा सकता है।

हम इस नये सीजन के लिए आपको शुभकामनाएं देते हैं। आइये भारतीय फ़ुटबॉल को आगे बढ़ाने के लिए एक साथ मिलकर कोशिश करें।

**टीम गोल्डन बेबी लीग**

# विषय सूची


- परिचय
- गोल्डन बेबी लीग के आयोजन के लाभ
- गोल्डन बेबी लीग श्रेणियां
- 1:1 (वन ऑल) सब्सिडी
- मैच फॉर्मेट (फ़ुटबॉल)
- मैच फॉर्मेट (फ़ुटसल)
- मैच फॉर्मेट (बीच सॉकर)
- पॉइंट सिस्टम
- मैच के दिनों में पिच की व्यवस्था
- एक बास्केटबॉल कोर्ट में फुटसल
- बीच सॉकर - खेल का मैदान
- पिच गाइडलाइन्स
- मेडिकल अरेंजमेंट्स
- फ़ुटबॉल के एक सफल दिन के लिए फाइव फाउंडेशन्स
- बच्चों की सुरक्षा
- कोड्स ऑफ़ कंडक्ट
- जिला चैंपियनशिप
- लीग ऑपरेटर रैंकिंग
- खेल के स्टैंडर्ड्स - फ़ुटबॉल
- खेल के स्टैंडर्ड्स - फुटसल
- खेल के स्टैंडर्ड्स - बीच सॉकर
- Anexxure A
- स्थल का आकलन
- महत्त्वपूर्ण संपर्क

# परिचय

एआईएफएफ गोल्डन बेबी लीग ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा 6 वर्ष से 12 वर्ष तक की आयु के खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए शुरू किया गया एक खिलाड़ियों के विकास प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य देश के प्रत्येक बच्चे को फुटबॉल खेलने के लिए एक मंच प्रदान करना है। इसके विभिन्न उद्देश्यों में शामिल हैं:

- बच्चों के लिए खेल का वातावरण उपलब्ध करवाना
- यूथ फ़ुटबॉल के लिए बिल्डिंग ब्लॉक
- फ़ुटबॉल संस्कृति का विकास करना
- खिलाड़ियों को लंबे समय तक खिलाना और उनका विकास करना
- फन, लर्निंग और दोस्ती का वातावरण तैयार करना
- सब के लिए फ़ुटबॉल

यह उद्देश्य एआईएफएफ मेंबर एसोसिएशन्स के समर्थन से अपने समुदायों और क्षेत्रों में बच्चों के लिए गोल्डन बेबी लीग को आयोजित करने के लिए व्यक्तियों और संगठनों को पहचानने और सशक्त बनाने के द्वारा प्राप्त किया जाता है।

गोल्डन बेबी लीग के आयोजन के लिए आवेदन करना काफी आसान है। संभावित लीग ऑपरेटर्स गोल्डन बेबी लीग मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड कर सकते हैं और इस ऐप के माध्यम से अप्रूवल के लिए आवेदन कर सकते हैं। एआईएफएफ मेंबर एसोसिएशन से अप्रूवल के बाद, ऑपरेटर इस हैंडबुक की गाइडलाइन्स के अनुसार 'मान्यता प्राप्त' गोल्डन बेबी लीग आयोजित करने के लिए आगे कार्यवाही कर सकता है।

लीग ऑपरेटर को गोल्डन बेबी लीग आयोजित करने के लिए मान्यता तब मिलती है जब वे मोबाइल ऐप पर सभी जानकारी अपडेट कर लेते हैं और एआईएफएफ द्वारा




# गोल्डन बेबी लीग आयोजन के फायदे

- ऑपरेट और आयोजन करने के लिए सरल
- लागत प्रभावी
- बच्चों के लिए आयु के विकास के लिए उपयुक्त खेल उपलब्ध करवाना
- बच्चों, माता-पिता और कोचों को आकर्षित करने के लिए आकर्षक एंगेजमेंट मॉडल
- ऐप के माध्यम से लीग मैनेजमेंट आसान बनाई गई
- बुनियादी इन्फ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता होती है
- किसी भी व्यक्ति या संगठन द्वारा आयोजित किया जा सकता है
- ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन और इसके मेंबर एसोसिएशन द्वारा मान्यता मिली है

# गोल्डन बेबी लीग की श्रेणियां

| | ★ | ★★ | ★★★ |
|---|---|---|---|
| आयु वर्ग | 1 | 2 | 3 |
| एक आयु वर्ग में शामिल टीम | 8 | 8 | 8 |
| प्रति टीम मैचों की न्यूनतम संख्या | 7 | 14 | 21 |

लीग ऑपरेटर गोल्डन बेबी लीग की वह केटेगरी चुन सकते हैं जो वे इस सीजन में आयोजित करना चाहते हैं।

उनकी लीग को उसके मुताबिक ही निम्नलिखित पहचान मिलेगी।

**1 स्टार गोल्ड न बेबी लीग:**
नये गोल्डन बेबी लीग ऑपरेटर्स के लिए सर्वोत्तम

**2 स्टार्स गोल्डन बेबी लीग:**
• ऐसे अनुभवी लीग ऑपरेटर्स के लिए सर्वोत्तम जो अधिक आयु वर्गों और बच्चों को शामिल कर सकते हैं।
• एकेडमी एक्रीडिटेशन पॉइंट्स के लिए इन क्राइटेरियाज़ को पूरा करने के लिए एआईएफएफ से मान्यता प्राप्त एकेडमीज़ की आवश्यकता होगी।

**3 स्टार्स गोल्डन बेबी लीग:**
• क्लबों और एकेडमीज़ के लिए आदर्श जो घरेलू खिलाड़ियों के लिए दीर्घकालिक विकास मार्ग बनाना चाहते हैं।
• क्लब लाइसेंस के लिए इंडियन सुपर लीग और आई-लीग क्लब्स को निम्नलिखित आवश्यकताएं पूरी करनी होंगी:

# 1:1 (वन ऑल) सब्सिडी

फीफा, एएफसी और एआईएफएफ महिला खिलाड़ियों, कोचों, रेफरियों, वालंटियर्स और लीडर्स की भागीदारी में वृद्धि सहित महिला फुटबॉल के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें फुटबॉल में सभी लिंगों की समान भागीदारी और मैदान पर खेलने वाले लड़कों और लड़कियों के समान अनुपात यानी 1:1 के अनुपात को बढ़ावा देना चाहिए । इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, एआईएफएफ फीफा महिला विकास कार्यक्रम कोष के माध्यम से 1:1 (वन ऑल) सब्सिडी की पेशकश करके प्रसन्न है। यह सब्सिडी सभी लीग ऑपरेटर्स को गोल्डन बेबी लीग में लड़कियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

सब्सिडी के लिए पात्र होने के लिए, लीग ऑपरेटर को लीग में खिलाड़ियों की न्यूनतम 50% महिला भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।

लीग ऑपरेटर्स को लड़कियों के लिए विशेष रूप से लीग आयोजित करने पर भी विचार करना चाहिए।

तीन लीग केटेगरीज़ में 49 लीग ऑपरेटर्स के लिए सब्सिडी निम्नानुसार प्रदान की जाएगी:

| केटेगरी | लीग की संख्या | सब्सिडी की राशि |
|---|---|---|
| 1 स्टार | 28 | ₹25,000 |
| 2 स्टार | 14 | ₹50,000 |
| 3 स्टार | 7 | ₹1,00,000 |

अगर संबंधित केटेगरी में अधिक योग्य लीग हैं, तो इस हैंडबुक  के Anexxure A के अनुसार सर्वश्रेष्ठ लीग का चयन किया जाएगा। गोल्डन बेबी लीग सीजन के अंत में उन्हें सब्सिडी दी जाएगी।

# मैच फॉर्मेट | फ़ुटबॉल

| आयु वर्ष | U6 | U7 | U8 | U9 | U10 | U11 | U12 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जेंडर प्राथमिकता | मिक्स्ड | मिक्स्ड | मिक्स्ड | मिक्स्ड | मिक्स्ड | मिक्स्ड | मिक्स्ड |
| आयु क्राइटेरिया (जन्म) | 2017 या 2018 | 2016 या 2017 | 2015 या 2016 | 2014 या 2015 | 2013 या 2014 | 2012 या 2013 | 2011 या 2012 |
| प्लेयिंग फॉर्मेट | 3 v 3<br>–<br>–<br>-<br>-<br>- | 3 v 3<br>4 v 4<br>5 v 5<br>-<br>-<br>- | –<br>4 v 4<br>5 v 5<br>-<br>-<br>- | –<br>4 v 4<br>5 v 5<br>6 v 6<br>7 v 7 (GK)<br>- | –<br>4 v 4<br>5 v 5 (GK)<br>6 v 6<br>7 v 7 (GK)<br>- | –<br>–<br>5 v 5 (GK)<br>-<br>7 v 7 (GK)<br>8 v 8 (GK) | –<br>–<br>5 v 5 (GK)<br>-<br>7 v 7 (GK)<br>8 v 8 (GK) |
| मैच टाइम | 4x4 मिनट | 2x12 मिनट | 2x12 मिनट | 2x18 मिनट | 2x18 मिनट | 2x24 मिनट | 2x24 मिनट |
| इंटरवल टाइम | 2 मिनट | 4 मिनट | 4 मिनट | 6 मिनट | 6 मिनट | 8 मिनट | 8 मिनट |
| फ़ुटबॉल साइज़ | 3 या 4 | 3 या 4 | 3 या 4 | 4 | 4 | 4 या 5 | 4 या 5 |
| प्रत्येक दिन खेले जाने वाले अधिकतम मैच | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| प्रत्येक सप्ताह खेले जाने वाले अधिकतम मैच | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| गोलकीपर | नहीं | नहीं | नहीं | केवल 7v7 के लिए | केवल 7v7 के लिए | हां | हां |
| अधिकतम गोल पोस्ट डायमेंशन (गोलकीपर के बिना) | 1.82x1.22m | 1.82x1.22m | 1.82x1.22m | 1.82x1.22m | 1.82x1.22m | – | – |
| अधिकतम गोल पोस्ट डायमेंशन (गोलकीपर के साथ) | – | – | – | 5x2m | 5x2m | 6x2m | 6x2m |

# मैच फॉर्मेट | फुटसल

| आयु वर्ष | U6 | U7 | U8 | U9 | U10 | U11 | U12 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जेंडर प्राथमिकता | मिक्स्ड | मिक्स्ड | मिक्स्ड | मिक्स्ड | मिक्स्ड | मिक्स्ड | मिक्स्ड |
| आयु क्राइटेरिया (जन्म) | 2017 या 2018 | 2016 या 2017 | 2015 या 2016 | 2014 या 2015 | 2013 या 2014 | 2012 या 2013 | 2011 या 2012 |
| प्लेयिंग फॉर्मेट | 3 v 3<br>–<br>– | 3 v 3<br>4 v 4<br>– | –<br>4 v 4<br>– | –<br>4 v 4<br>5 v 5 (GK) | –<br>4 v 4<br>5 v 5 (GK) | –<br>–<br>5 v 5 (GK) | –<br>–<br>5 v 5 (GK) |
| मैच टाइम | 4x6 मिनट | 2x12 मिनट | 2x12 मिनट | 2x15 मिनट | 2x15 मिनट | 2x20 मिनट | 2x20 मिनट |
| इंटरवल टाइम | 2 मिनट | 4 मिनट | 4 मिनट | 5 मिनट | 5 मिनट | 7 मिनट | 7 मिनट |
| फुटसल बॉल साइज़ | 3 या 4 | 3 या 4 | 3 या 4 | 3 या 4 | 3 या 4 | 3 या 4 | 3 या 4 |
| प्रत्येक दिन खेले जाने वाले अधिकतम मैच | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| प्रत्येक सप्ताह खेले जाने वाले अधिकतम मैच | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| गोलकीपर | नहीं | नहीं | नहीं | केवल 5v5 के लिए | केवल 5v5 के लिए | हां | हां |
| अधिकतम गोल पोस्ट डायमेंशन (गोलकीपर के बिना) | 1.82x1.22m | 1.82x1.22m | 1.82x1.22m | 1.82x1.22m | 1.82x1.22m | – | – |
| अधिकतम गोल पोस्ट डायमेंशन (गोलकीपर के साथ) | – | – | – | 3x2m | 3x2m | 3x2m | 3x2m |

- फुटसल को सपाट, चिकनी और समतल सतहों पर इनडोर और आउटडोर दोनों तरह से खेला जा सकता है। गोल्डन बेबी लीग के लिए इसे आर्टिफीशल मैदान पर भी खेला जा सकता है।
- फुटसल कम उछाल वाली फुटसल बॉल से खेला जाता है। बच्चों के लिए साइज़ 3 की सिफारिश की जाती है लेकिन साइज़ 4 फुटसल बॉल के साथ भी खेला जा सकता है।

# मैच फॉर्मेट | बीच सॉकर

| आयु वर्ष | U6 | U7 | U8 | U9 | U10 | U11 | U12 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जेंडर प्राथमिकता | मिक्स्ड | मिक्स्ड | मिक्स्ड | मिक्स्ड | मिक्स्ड | मिक्स्ड | मिक्स्ड |
| आयु क्राइटेरिया (जन्म) | 2017 या 2018 | 2016 या 2017 | 2015 या 2016 | 2014 या 2015 | 2013 या 2014 | 2012 या 2013 | 2011 या 2012 |
| प्लेयिंग फॉर्मेट | 3 v 3<br>–<br>– | 3 v 3<br>4 v 4<br>– | –<br>4 v 4<br>– | –<br>4 v 4<br>5 v 5 (GK) | –<br>4 v 4<br>5 v 5 (GK) | –<br>–<br>5 v 5 (GK) | –<br>–<br>5 v 5 (GK) |
| मैच टाइम | 3x3 मिनट | 3x4 मिनट | 3x4 मिनट | 3x5 मिनट | 3x5 मिनट | 3x6 मिनट | 3x6 मिनट |
| इंटरवल टाइम | 1 मिनट | 1 मिनट | 1 मिनट | 2 मिनट | 2 मिनट | 2 मिनट | 2 मिनट |
| बॉल साइज़ | 3 या 4 | 3 या 4 | 3 या 4 | 4 | 4 | 4 या 5 | 4 या 5 |
| प्रत्येक दिन खेले जाने वाले अधिकतम मैच | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| प्रत्येक सप्ताह खेले जाने वाले अधिकतम मैच | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| गोलकीपर | नहीं | नहीं | नहीं | केवल 5v5 के लिए | केवल 5v5 के लिए | हां | हां |
| अधिकतम गोल पोस्ट डायमेंशन (गोलकीपर के बिना) | 1.82x1.22m | 1.82x1.22m | 1.82x1.22m | 1.82x1.22m | 1.82x1.22m | – | – |
| अधिकतम गोल पोस्ट डायमेंशन (गोलकीपर के साथ) | – | – | – | 4x2m | 4x2m | 4x2m | 4x2m |

- बीच सॉकर रेत पर नंगे पैर खेला जाता है, इसलिए यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण है कि रेत खुरदरी न हो और कंकड़, शेल्स या कोई अन्य ऐसी वस्तु उस रेत में न हो जो किसी व्यक्ति को घायल कर सकती है।

आमतौर पर बीच सॉकर किसी वाटर बॉडी के पास खेला जाता है, इसलिए यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण है कि, लीग ऑपरेटर बच्चों को एडल्ट्स की निगरानी के बिना पानी के अंदर जाने से रोकने के लिए एक डेडिकेटेड पर्सन को तैनात करता है।

स्टैंडर्ड फुटबॉल आवश्यकता से हवा के प्रेशर को 0.2 एटीएम कम करके, बीच फुटबॉल को रेगुलर फुटबॉल के साथ खेला जा सकता है।

# पॉइंट सिस्टम

गोल्डन बेबी लीग पॉइंट सिस्टम क्रमशः हार, ड्रा और जीत के लिए पारंपरिक 0,1,3 अंक से क्रमशः हार, ड्रा और जीत के लिए 1,2,3 अंक के तौर पर बदल जाएगा।

यह बदलाव गोल्डन बेबी लीग में सभी टीमों और खिलाड़ियों की भागीदारी की सराहना करने के लिए किया गया है, इसलिए अगर कोई टीम कोई गेम हारती है, तो भी उसे भाग लेने के लिए 1 अंक मिलता है।

रेफरी या लीग ऑपरेटर द्वारा गेम अपडेट किए जाने के बाद ये अंक गोल्डन बेबी लीग मोबाइल एप्लिकेशन पर ऑटोमैटिक रूप से दिखाई देंगे



# मैच के दिनों में पिच की व्यवस्था

उदाहरण:





# एक बास्केटबॉल कोर्ट में फुटसल

गोल्डन बेबी लीग के लिए, मार्किंग्स में किसी बड़े बदलाव के बिना फुटसल खेलने के लिए बास्केटबॉल कोर्ट को संशोधित किया जा सकता है।



# बीच सॉकर
# खेल की फील्ड




पिच गाइडलाइन्स

## सतह और बॉल्स के प्रकार



नेचुरल ग्रास



आर्टिफीशल फ्लोरिंग



वूडन फ्लोर



आर्टिफीशल पिच



कंक्रीट फ्लोर



रेतीली सतह

- स्थान सुरक्षित और अच्छी तरह से बनाए रखा जाना चाहिए
- खेल की सतह एक समान होनी चाहिए
- फुटसल को छोड़कर, गोल पोस्ट्स को ठीक से सुरक्षित किया जाना चाहिए ताकि वे सुरक्षित रहें और बच्चों को चोट लगने से बचाने के लिए उन गोल पोस्ट्स को स्थानांतरित नहीं किया जा सके।
- खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होना चाहिए
- सभी जेंडर्स के लिए नामित शौचालय उपलब्ध होने चाहिए
- खेल के मैदान पर स्पष्ट मार्किंग्स होनी चाहिएं
- लीग से संबंधित ब्रांडिंग और प्रचार करने वाले बच्चों के लिए आकर्षक। एआईएफएफ और गोल्डन बेबी लीग ब्रांडिंग का उपयोग करने की भी सिफारिश की जाती है।
- शाम/रात में मैचों के लिए पर्याप्त रोशनी होनी चाहिए
- सिफारिश: प्रॉपर यूनिफॉर्म, किट और सीटी होनी चाहिए
- निर्दिष्ट दर्शकों के क्षेत्र शंकु, रस्सियों या किसी अन्य अवरोध का उपयोग करके बनाए जाने चाहिए। बच्चों और टीम प्रबंधकों के लिए आरक्षित क्षेत्र में किसी भी दर्शक (या माता-पिता) को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।



# चिकित्सीय व्यवस्था

- कार्यक्रम स्थल पर एक एमरजेंसी फर्स्ट-एड किट रखी जानी चाहिए। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद कम से कम एक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार और बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।

- स्थल पर एक फिजियो/ डॉक्टर तैनात करने की सिफारिश की गई है

- यह सुनिश्चित करें कि, एमरजेंसी टेलीफोन नंबर, एम्बुलेंस के लिए पता और दिशा, कॉल पर डॉक्टर और नजदीकी अस्पताल आपके पास हैं। यह विवरण लीग शुरू होने से पहले टीम प्रबंधकों को उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इन नंबर का प्रदर्शन आयोजन स्थल पर भी किया जाना चाहिए।

- ड्रिंक ब्रेक का आयोजन करें (अक्सर कम मात्रा में पानी पीने को प्रोत्साहित करें)। पानी की आदर्श मात्रा: हर 15-20 मिनट में 200 मिली। खिलाड़ियों और वालंटियर्स के लिए पानी उपलब्ध कराया जाए।

- मैच से पहले प्लेयर्स को वार्म अप होना चाहिए

- लीग ऑपरेटर्स को सभी की सुरक्षा के लिए मौजूदा मौसम की स्थिति जैसे गर्मी, आंधी-तूफान/ बिजली आदि का ध्यान रखना चाहिए।



# फ़ुटबॉल के एक सफल दिन के लिए फाइव फाउंडेशन्स

## सुरक्षा की भावना

बच्चों को शारीरिक और भावनात्मक नुकसान से बचाना। अगर कोई बच्चा जो सुरक्षित महसूस नहीं करता है, उसके लिए खुश रहना और गतिविधियों का आनंद लेना मुश्किल होगा।

## स्वागत किये जाने का अहसास

बच्चे की उम्र, लिंग, क्षमता/विकलांगता, आकार, कल्चर या भाषा पर ध्यान दिए बिना, उसे स्वागत महसूस करवाना। फुटबॉल एक ऐसा माहौल प्रदान करे, जिसमें किसी भी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए।

## एक "अच्छे खिलाड़ी" होने की भावना

हर बच्चे को सक्षम महसूस होना चाहिए। इसलिए बच्चों को हमेशा बुरे की जगह अच्छे पॉइंट्स पर जोर देते हुए प्रोत्साहित करना चाहिए।

## दोस्ती की भावना

अपनी टीम और अन्य टीमों के खिलाड़ियों के बीच मित्रता विकसित करने के लिए वातावरण विकसित करना और बनाना। आप अपने उदाहरण के द्वारा नेतृत्व कर सकते हैं।

## महत्वपूर्ण होने का अहसास

बच्चों को क्रिएटिव और एक्सप्रेसिव होने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए



# बच्चों की सुरक्षा करें

ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन गोल्डन बेबी लीग में भाग लेने वाले सभी बच्चों के लिए एक मजेदार और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी बच्चों की सुरक्षा और कल्याण अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। फुटबॉल खेलते समय, आप की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को नुकसान से बचाएं और उन्हें एक सकारात्मक अनुभव प्रदान करें। फुटबॉल बच्चों सहित सभी के जीवन पर एक मजबूत और सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है और हमें ऐसा करने के लिए सही वातावरण और कल्चर प्रदान करने की आवश्यकता है। प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा की जिम्मेदारी सभी पर लागू होती है, जिनमें शामिल हैं:

- **माता-पिता और गार्जियन्स**
- **कोच, टीम मैनेजर, और टीम के स्टाफ सदस्य**
- **लीग ऑपरेटर्स, और स्टाफ सदस्य**
- **मैच करवाने वाले अधिकारी**
- **स्पोंसर्स और पार्टनर्स**
- **वालंटियर्स**
- **प्रशंसक**

यह सुरक्षा दरअसल यह सुनिश्चित करने के लिए की गई कार्रवाई है कि सभी बच्चे नुकसान से सुरक्षित हैं। इसका अर्थ है जोखिम को कम करने और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना।

बच्चों की सुरक्षा के बारे में अधिक जानने के लिए, हम जोर दे कर यह कहते हैं कि आप **https://safeguardinginsport.fifa.com/** पर फीफा गार्जियन्स सेफगार्डिंग एसेंशियल्स कोर्स पूरा करें।



# कोड्स ऑफ़ कंडक्ट

कोड्स ऑफ़ कंडक्ट बच्चों और बड़ों के लिए व्यवहार और एटीट्यूड गाइडलाइन्स हैं जिन्हें लीग ऑपरेटर्स द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है। हम संदर्भ के लिए कुछ कोड्स ऑफ़ कंडक्ट्स साझा कर रहे हैं, लेकिन यह संपूर्ण या अंतिम नहीं है। आपके समुदाय के लिए जो काम करता है उसके अनुसार कोड जोड़ने या सरल बनाने के लिए आप खुद को स्वतंत्र महसूस करें। ऑपरेटर्स को लीग के सामने ओरिएंटेशन मीटिंग्स आयोजित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है जहां बच्चे, माता-पिता, कोच, रेफरी भाग ले सकते हैं, चर्चा कर सकते हैं, सहमत हो सकते हैं और लीग के लिए अपने खुद के कोड्स को परिभाषित कर सकते हैं।

## बच्चों के लिए कोड

मैं करूंगा:

- आनंद लेने और खुश रहने के लिए खेलुंगा
- एक अच्छा साथी बनुंगा
- विरोधियों का सम्मान करूंगा और खेल से पहले और बाद में उनका अभिवादन करूंगा।
- खेल के नियमों को सीखुंगा और उनका सम्मान करूंगा
- रेफरी और कोचों के फैसलों को स्वीकार करूंगा
- निष्पक्ष खेलुंगा
- जीतने में विनम्र और हारने में दयालु बनुंगा
- खेल के लिए मेरे ट्रेनर्स, माता-पिता या गार्जियन्स के साथ यात्रा करूंगा
- अपने ट्रेनर्स, माता-पिता या गार्जियन्स को बताऊंगा कि क्या कोई बच्चा या मैं अस्वस्थ या घायल हूं
- अपने ट्रेनर्स, माता-पिता या गार्जियन्स से बात करूंगा, अगर कोई बच्चा या मैं किसी बात से खुश नहीं हूं या सुरक्षित महसूस नहीं करता हूं।



# गार्जियन्स के लिए कोड

**कोच | माता-पिता | वालंटियर्स |सभी शामिल एडल्ट्स**

मैं करुंगा:

- बच्चों को अपने मनोरंजन के लिए खेलने के लिए प्रोत्साहित करुंगा ।
- प्रयास और भागीदारी की प्रशंसा करुंगा, परिणाम की नहीं।
- तकनीकी त्रुटि या मैच हारने के लिए बच्चे को कभी भी डांटना नहीं
- बच्चों को हमेशा खेल के नियमों का सम्मान करने के लिए प्रोत्साहित करें।
- खेल के परिणाम की परवाह किए बिना दोनों टीमों को प्रोत्साहित करें और बधाई दें।
- प्रशिक्षकों और रेफरी के निर्णयों का सम्मान करें और बच्चों को भी ऐसा ही करने के लिए उनका मार्गदर्शन करें।
- बल प्रयोग या उपकृत करने के बजाय बच्चों को प्रोत्साहित करें।
- संबंधित बच्चों की किसी बीमारी या चोट से अवगत रहें
- फुटबॉल से सभी दुर्व्यवहारों को मिटाने में मदद करें और बच्चों के लिए एक सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण प्रदान करने में मदद करें।
- वालंटियर्स, ट्रेनर्स, आयोजकों और अधिकारियों को उनके काम में समर्थन, प्रोत्साहन और मदद करना और कभी भी उनकी आलोचना या हतोत्साहित नहीं करना चाहिए।
- बच्चों के लिए एक रोल मॉडल के रूप में सेवा करें और उदाहरण के साथ नेतृत्व करें।



# रेफरी के लिए कोड

मैं करूंगा:

- ध्यान रखें कि बच्चों के लिए मैच रेफरी बनना सीनियर के लिए मैच रेफरी बनने से बिल्कुल अलग है।
- बच्चों और ट्रेनर्स को मैच से पहले और बाद में एक-दूसरे को बधाई देने के लिए कहें।
- सभी परिस्थितियों में निष्पक्षता सुनिश्चित करें।
- उल्लंघन का संकेत देते समय सुसंगत, वस्तुनिष्ठ और विनम्र बने रहें।
- विशेष रूप से बच्चों को उल्लंघन के बारे में समझाएं और इसकी स्पष्ट जानकारी दें।
- जरूरत से ज्यादा हस्तक्षेप न करें और बच्चों को खेलने दें।
- त्रुटियों के बजाय खेल की भावना पर जोर दें।
- बच्चों या बड़ों के प्रति अनुचित भाषा का प्रयोग न करें
- बच्चों को चोट या दुर्व्यवहार से बचाएं।
- सकारात्मक और खुशमिजाज रवैया बनाए रखें।

# जिला चैंपियनशिप

- प्रत्येक जिला, जो 5 या अधिक गोल्डन बेबी लीग आयोजित करता है, जिला चैम्पियनशिप प्लेऑफ दौर के लिए पात्र होगा।
- प्रत्येक गोल्डन बेबी लीग के खिलाड़ियों को लीग ऑपरेटर द्वारा चुना जाएगा और वे संबंधित गोल्डन बेबी लीग टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- चैंपियनशिप U8, U10 और U12 आयु वर्ग में खेली जाएगी।
- यह अकादमियों और क्लबों के स्काउट्स को यूथ लीग के लिए खिलाड़ियों की भर्ती के अवसर भी प्रदान करेगी।
- प्रत्येक आयु वर्ग के विजेताओं को जिला चैंपियन घोषित किया जाएगा!






# लीग ऑपरेटर रैंकिंग

लीग ऑपरेटर्स को 1 स्टार, 2 स्टार और 3 स्टार गोल्डन बेबी लीग की प्रत्येक केटेगरी के भीतर, निम्नलिखित पैरामीटर्स पर उनके प्रदर्शन के अनुसार रैंक और मान्यता दी जाएगी। Anexxure A में इसके बारे में अधिक जानकारी दी गई है:

- सभी आयु वर्गों में खेले गए मैचों की कुल संख्या
- युवा खिलाड़ियों की भागीदारी का अनुपात
- लड़कियों की भागीदारी।
- पंजीकृत ई प्रमाणपत्र कोचेस की संख्या
- एआईएफएफ प्रतिनिधि द्वारा स्थान का आकलन
- सोशल मीडिया का उपयोग



# खेल के स्टैंडड़्र्स

# फुटबॉल



# खेल के मॉडिफाइड फ़ुटबॉल नियम: 3v3

| | |
|---|---|
| नियम 1: खेल का मैदान | चौड़ाई: 10-12 मीटर<br>लंबाई: 15-20 मीटर |
| नियम 2: बॉल | बॉल का साइज़ 3 या 4 हो सकता है |
| नियम 3: खिलाड़ी | 4-5 खिलाड़ी (3 आउटफील्ड खिलाड़ी + 1-2 सबस्टीट्यूट्स)<br>सबस्टीट्यूशन असीमित है और किसी भी समय हो सकता है। |
| नियम 4: खिलाड़ियों के इक्विपमेंट | कोई सपोर्ट शूज़ और शिन गार्ड्स अनिवार्य हैं।<br>टीम किट रंगों की तरह होनी चाहिए। अल्टरनेटिव रूप से, समान रंग बिब्स का भी उपयोग किया जा सकता है। विरोधी टीमों को अलग-अलग रंग के कपड़े पहनने चाहिए। |
| नियम 5: रेफरी | खेल के माहौल को मज़ेदार, सुरक्षित और बच्चों पर केंद्रित रखने के लिए एक गेम ऑब्जर्वर का उपयोग किया जा सकता है। अन्य जिम्मेदारियों में समय का ध्यान रखना, नियमों की निगरानी करना, खेलना शुरू करना, रोकना और फिर से शुरू करना, स्कोर का रिकार्ड रखना और दोनों टीमों के 'सबसे मूल्यवान खिलाड़ी' को ध्यान में रखना शामिल है। |
| नियम 6: अन्य मैच अधिकारी | जरूरत नहीं |
| नियम 7: मैच की अवधि | मैच का समय: प्रत्येक 6 मिनट के 4 क्वार्टर<br>ब्रेक टाइम: 2 मिनट |
| नियम 8: खेल की शुरुआत और पुनः आरंभ | विरोधियों को सेंटर मार्क से कम से कम 2 गज की दूरी पर होना चाहिए। |
| नियम 9: खेल के अंदर और बाहर बॉल | आउट: खेल से बाहर होने के लिए बॉल को पूरी तरह से लाइन को पार करना होगा।<br>इन: बॉल को पिच के अंदर किक किया जा सकता है। |
| नियम 10: मैच के परिणाम का निर्धारण | एक गोल तब किया जाता है जब बॉल गोल पोस्ट के अंदर, गोल लाइन के ऊपर से पूरी तरह से गुजरती है। |
| नियम 11: ऑफसाइड | कोई ऑफ़साइड नहीं |
| नियम 12: फाउल्स और मिसकंडक्ट | खेल के आईएफएबी/फीफा नियम लागू होते हैं। हालाँकि, हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि खेल को बार-बार न रोका जाए। जितना हो सके बच्चों को खेलने दें। |
| नियम 13: फ्री किक्स | सभी फ्री किक डायरेक्ट हैं। विरोधियों को कम से कम 2 गज की दूरी पर होना चाहिए। |
| नियम 14: पेनल्टी किक | अगर रेफरी/खेल अधिकारी को लगता है कि पेनल्टी क्षेत्र के अंदर कोई गंभीर फाउल किया गया है तो पेनल्टी किक दी जाती है। |
| नियम 15: किक-इन | खेल को फिर से शुरू करने के लिए बॉल को पिच के अंदर किक मारी जा सकती है। सभी किक-इन इन-डायरेक्ट हैं यानी किक-इन से गोल नहीं किए जा सकते। |
| नियम 16: गोल किक | अगर आक्रमण करने वाली टीम गोल लाइन को पार करने से पहले बॉल को आखिरी बार छूती है, तो डिफेंडिंग टीम को एक गोल किक दी जाती है।<br><br>गोल एरिया के भीतर कहीं से भी गोल किक ली जा सकती है। कुछ मामलों में, गोल एरिया और पेनल्टी एरिया का मतलब एक ही हो सकता है। |
| नियम 17: कॉर्नर किक | अगर डिफेंडिंग टीम बॉल को गोल लाइन को पार करने से पहले छूती है, तो आक्रमण करने वाली टीम को एक कॉर्नर किक दी जाती है। |

# खेल के मॉडिफाइड फ़ुटबॉल नियम: 4v4

| | |
|---|---|
| नियम 1: खेल का मैदान | चौड़ाई: 12-15 मीटर<br>लंबाई: 20-25 मीटर |
| नियम 2: बॉल | बॉल का साइज़ 3 या 4 हो सकता है। |
| नियम 3: खिलाड़ी | 6-7 खिलाड़ी (4 आउटफील्ड खिलाड़ी + 2-3 सबस्टीट्यूट्स)<br>सबस्टीट्यूशन असीमित है और किसी भी स्टॉपेज पर किया जा सकता है |
| नियम 4: खिलाड़ियों के इक्विपमेंट | कोई सपोर्ट शूज़ और शिन गाड्र्स अनिवार्य हैं।<br>टीम किट रंगों की तरह होनी चाहिए। अल्टरनेटिव रूप से, समान रंग बिब्स का भी उपयोग किया जा सकता है। विरोधी टीमों को अलग-अलग रंग के कपड़े पहनने चाहिए। |
| नियम 5: रेफरी | खेल के माहौल को मज़ेदार, सुरक्षित और बच्चों पर केंद्रित रखने के लिए एक गेम ऑब्जर्वर का उपयोग किया जा सकता है। अन्य जिम्मेदारियों में समय का ध्यान रखना, नियमों की निगरानी करना, खेलना शुरू करना, रोकना और फिर से शुरू करना, स्कोर का रिकार्ड रखना और दोनों टीमों के 'सबसे मूल्यवान खिलाड़ी' को ध्यान में रखना शामिल है। |
| नियम 6: अन्य मैच अधिकारी | जरूरत नहीं |
| नियम 7: मैच की अवधि | मैच का समय: प्रत्येक 12 मिनट के 2 हाफ़्स<br>ब्रेक टाइम: 4 मिनट |
| नियम 8: खेल की शुरुआत और पुनः आरंभ | विरोधियों को सेंटर मार्क से कम से कम 3 गज<br>की दूरी पर होना चाहिए। |
| नियम 9: खेल के अंदर और बाहर बॉल | आउट: खेल से बाहर होने के लिए बॉल को पूरी तरह से लाइन को पार करना होगा।<br>इन: बॉल को पिच के अंदर किक किया जा सकता है। |
| नियम 10: मैच के परिणाम का निर्धारण | एक गोल तब किया जाता है जब बॉल गोल पोस्ट के अंदर, गोल लाइन के ऊपर से पूरी तरह से गुजरती है। |
| नियम 11: ऑफसाइड | कोई ऑफ़साइड नहीं |
| नियम 12: फाउल्स और मिसकंडक्ट | खेल के आईएफएबी/फीफा नियम लागू होते हैं। हालाँकि, हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि खेल को बार-बार न रोका जाए। जितना हो सके बच्चों को खेलने दें। |
| नियम 13: फ्री किक्स | सभी फ्री किक डायरेक्ट हैं। विरोधियों को कम से कम 3 गज की दूरी पर होना चाहिए। |
| नियम 14: पेनल्टी किक | अगर रेफरी/खेल अधिकारी को लगता है कि पेनल्टी क्षेत्र के अंदर कोई गंभीर फाउल किया गया है तो पेनल्टी किक दी जाती है। |
| नियम 15: किक-इन | खेल को फिर से शुरू करने के लिए बॉल को पिच के अंदर किक मारी जा सकती है। सभी किक-इन इन-डायरेक्ट हैं यानी किक-इन से गोल नहीं किए जा सकते। |
| नियम 16: गोल किक | अगर आक्रमण करने वाली टीम गोल लाइन को पार करने से पहले बॉल को आखिरी बार छूती है, तो डिफेंडिंग टीम को एक गोल किक दी जाती है।<br><br>गोल एरिया के भीतर कहीं से भी गोल किक ली जा सकती है। कुछ मामलों में, गोल एरिया और पेनल्टी एरिया का मतलब एक ही हो सकता है। |
| नियम 17: कॉर्नर किक | अगर डिफेंडिंग टीम बॉल को गोल लाइन को पार करने से पहले छूती है, तो आक्रमण करने वाली टीम को एक कॉर्नर किक दी जाती है। |

# खेल के मॉडिफाइड फ़ुटबॉल नियम: 5v5

| | |
|---|---|
| नियम 1: खेल का मैदान | चौड़ाई: 20-25 मीटर<br>लंबाई: 30-35 मीटर |
| नियम 2: बॉल | अंडर 7 और 8 के लिए बॉल का साइज़ 3 या 4 हो सकता है।<br>अंडर 9 और 10 के लिए बॉल का साइज़ 4 होना चाहिए। |
| नियम 3: खिलाड़ी | 7-8 खिलाड़ी (5 आउटफील्ड खिलाड़ी + 2-3 सबस्टीट्यूट्स)<br>सबस्टीट्यूशन असीमित है और किसी भी स्टॉपेज पर किया जा सकता है। |
| नियम 4: खिलाड़ियों के इक्विपमेंट | कोई सपोर्ट शूज़ और शिन गाड्र्स अनिवार्य हैं।<br>टीम किट रंगों की तरह होनी चाहिए। अल्टरनेटिव रूप से, समान रंग बिब्स का भी उपयोग किया जा सकता है। विरोधी टीमों को अलग-अलग रंग के कपड़े पहनने चाहिए। |
| नियम 5: रेफरी | खेल के माहौल को मज़ेदार, सुरक्षित और बच्चों पर केंद्रित रखने के लिए एक गेम ऑब्जर्वर का उपयोग किया जा सकता है। अन्य जिम्मेदारियों में समय का ध्यान रखना, नियमों की निगरानी करना, खेलना शुरू करना, रोकना और फिर से शुरू करना, स्कोर का रिकार्ड रखना और दोनों टीमों के 'सबसे मूल्यवान खिलाड़ी' को ध्यान में रखना शामिल है। |
| नियम 6: अन्य मैच अधिकारी | जरूरत नहीं |
| नियम 7: मैच की अवधि | अंडर 7 और 8 के लिए:<br>मैच का समय: प्रत्येक 12 मिनट के 2 हाफ्स<br>ब्रेक टाइम: 4 मिनट<br>अंडर 9 और 10 के लिए:<br>मैच का समय: प्रत्येक 18 मिनट के 2 हाफ्स<br>ब्रेक टाइम: 6 मिनट |
| नियम 8: खेल की शुरुआत और पुन: आरंभ | विरोधियों को सेंटर मार्क से कम से कम 4 गज की दूरी पर होना चाहिए। |
| नियम 9: खेल के अंदर और बाहर बॉल | आउट: खेल से बाहर होने के लिए बॉल को पूरी तरह से लाइन को पार करना होगा।<br>इन: बॉल को पिच के अंदर किक किया जा सकता है। |
| नियम 10: मैच के परिणाम का निर्धारण | एक गोल तब किया जाता है जब बॉल गोल पोस्ट के अंदर, गोल लाइन के ऊपर से पूरी तरह से गुजरती है। |
| नियम 11: ऑफसाइड | कोई ऑफ़साइड नहीं |
| नियम 12: फाउल्स और मिसकंडक्ट | अंडर 7 और 8: खेल के आईएफएबी/फीफा नियम लागू होते हैं। हालाँकि, हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि, खेल को बार-बार न रोका जाए। जितना हो सके बच्चों को खेलने दें। अंडर 9 और 10: खेल के आईएफएबी/फीफा नियम लागू होते हैं। पीले और लाल कार्ड पेश किए गए हैं। सावधानी के लिए पीला कार्ड है। अगर किसी खिलाड़ी को दो पीले कार्ड या एक लाल कार्ड मिलता है, तो वह 2 मिनट के लिए खेल से बाहर हो जाएगा। |
| नियम 13: फ्री किक्स | सभी फ्री किक्स डायरेक्ट हैं। |
| नियम 14: पेनल्टी किक | अगर रेफरी/खेल अधिकारी को लगता है कि पेनल्टी क्षेत्र के अंदर कोई गंभीर फाउल किया गया है तो पेनल्टी किक दी जाती है। |
| नियम 15: किक-इन | खेल को फिर से शुरू करने के लिए बॉल को पिच के अंदर किक मारी जा सकती है। सभी किक-इन इन-डायरेक्ट हैं यानी किक-इन से गोल नहीं किए जा सकते। |
| नियम 16: गोल किक | अगर आक्रमण करने वाली टीम गोल लाइन को पार करने से पहले बॉल को आखिरी बार छूती है, तो डिफेंडिंग टीम को एक गोल किक दी जाती है।<br><br>गोल एरिया के भीतर कहीं से भी गोल किक ली जा सकती है। कुछ मामलों में, गोल एरिया और पेनल्टी एरिया का मतलब एक ही हो सकता है। |
| नियम 17: कॉर्नर किक | अगर डिफेंडिंग टीम बॉल को गोल लाइन को पार करने से पहले छूती है, तो आक्रमण करने वाली टीम को एक कॉर्नर किक दी जाती है। |

# खेल के मॉडिफाइड फ़ुटबॉल नियम: 6v6

| | |
|---|---|
| नियम 1: खेल का मैदान | चौड़ाई: 25-30 मीटर<br>लंबाई: 35-40 मीटर |
| नियम 2: बॉल | बॉल का साइज़ 4 होना चाहिए। |
| नियम 3: खिलाड़ी | 9-10 खिलाड़ी (6 आउटफील्ड खिलाड़ी + 3-4 सबस्टीट्यूट्स)<br>सबस्टीट्यूशन असीमित है और किसी भी स्टॉपेज पर किया जा सकता है। |
| नियम 4: खिलाड़ियों के इक्विपमेंट | कोई सपोर्ट शूज़ और शिन गार्ड्स अनिवार्य हैं।<br>टीम किट रंगों की तरह होनी चाहिए। अल्टरनेटिव रूप से, समान रंग बिब्स का भी उपयोग किया जा सकता है। विरोधी टीमों को अलग-अलग रंग के कपड़े पहनने चाहिए। |
| नियम 5: रेफरी | खेल के माहौल को मज़ेदार, सुरक्षित और बच्चों पर केंद्रित रखने के लिए एक गेम ऑब्जर्वर का उपयोग किया जा सकता है। अन्य जिम्मेदारियों में समय का ध्यान रखना, नियमों की निगरानी करना, खेलना शुरु करना, रोकना और फिर से शुरु करना, स्कोर का रिकार्ड रखना और दोनों टीमों के 'सबसे मूल्यवान खिलाड़ी' को ध्यान में रखना शामिल है। |
| नियम 6: अन्य मैच अधिकारी | जरूरत नहीं |
| नियम 7: मैच की अवधि | मैच का समय: प्रत्येक 18 मिनट के 2 हाफ़्स<br>ब्रेक टाइम: 6 मिनट |
| नियम 8: खेल की शुरुआत और पुनः आरंभ | विरोधियों को सेंटर मार्क से कम से कम 5 गज की दूरी पर होना चाहिए। |
| नियम 9: खेल के अंदर और बाहर बॉल | आउट: खेल से बाहर होने के लिए बॉल को पूरी तरह से लाइन को पार करना होगा।<br>इन: बॉल को पिच के अंदर किक किया जा सकता है। |
| नियम 10: मैच के परिणाम का निर्धारण | एक गोल तब किया जाता है जब बॉल गोल पोस्ट के अंदर, गोल लाइन के ऊपर से पूरी तरह से गुजरती है। |
| नियम 11: ऑफसाइड | कोई ऑफ़साइड नहीं |
| नियम 12: फाउल्स और मिसकंडक्ट | खेल के आईएफएबी/फीफा नियम लागू होते हैं। हालाँकि, हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि, खेल को बार-बार न रोका जाए। जितना हो सके बच्चों को खेलने दें। पीले और लाल कार्ड पेश किए गए हैं। सावधानी के लिए पीला कार्ड है। अगर किसी खिलाड़ी को दो पीले कार्ड या एक लाल कार्ड मिलता है, तो वह 2 मिनट के लिए खेल से बाहर हो जाएगा। |
| नियम 13: फ्री किक्स | सभी फ्री किक्स डायरेक्ट हैं। |
| नियम 14: पेनल्टी किक | अगर रेफरी/खेल अधिकारी को लगता है कि पेनल्टी क्षेत्र के अंदर कोई गंभीर फाउल किया गया है तो पेनल्टी किक दी जाती है। |
| नियम 15: किक-इन | खेल को फिर से शुरु करने के लिए बॉल को पिच के अंदर किक मारी जा सकती है। सभी किक-इन इन-डायरेक्ट हैं यानी किक-इन से गोल नहीं किए जा सकते। |
| नियम 16: गोल किक | अगर आक्रमण करने वाली टीम गोल लाइन को पार करने से पहले बॉल को आखिरी बार छूती है, तो डिफेंडिंग टीम को एक गोल किक दी जाती है। गोल एरिया के भीतर कहीं से भी गोल किक ली जा सकती है। कुछ मामलों में, गोल एरिया और पेनल्टी एरिया का मतलब एक ही हो सकता है। |
| नियम 17: कॉर्नर किक | अगर डिफेंडिंग टीम बॉल को गोल लाइन को पार करने से पहले छूती है, तो आक्रमण करने वाली टीम को एक कॉर्नर किक दी जाती है। |

# खेल के मॉडिफाइड फ़ुटबॉल नियम: 7v7(GK)

| | |
|---|---|
| नियम 1: खेल का मैदान | चौड़ाई: 30-35 मीटर<br>लंबाई: 45-50 मीटर |
| नियम 2: बॉल | अंडर 9 और 10: बॉल का साइज़ 4 होना चाहिए।<br>अंडर 11 और 12: बॉल का साइज़ 4 या 5 हो सकता है। |
| नियम 3: खिलाड़ी | 10-11 खिलाड़ी (6 आउटफील्ड खिलाड़ी + 3-4 सबस्टीट्यूट्स)<br>सबस्टीट्यूशन असीमित है और किसी भी स्टॉपेज पर किया जा सकता है। |
| नियम 4: खिलाड़ियों के इक्विपमेंट | कोई सपोर्ट शूज़ और शिन गाड्र्स अनिवार्य हैं। टीम किट रंगों की तरह होनी चाहिए। अल्टरनेटिव रूप से, समान रंग बिब्स का भी उपयोग किया जा सकता है। विरोधी टीमों को अलग-अलग रंग के कपड़े पहनने चाहिए। गोलकीपर्स के लिए, ग्लव्स पहनने की सिफारिश की गई है लेकिन, ये जरूरी नहीं हैं। |
| नियम 5: रेफरी | खेल के माहौल को मज़ेदार, सुरक्षित और बच्चों पर केंद्रित रखने के लिए एक गेम ऑब्जर्वर का उपयोग किया जा सकता है। अन्य जिम्मेदारियों में समय का ध्यान रखना, नियमों की निगरानी करना, खेलना शुरू करना, रोकना और फिर से शुरू करना, स्कोर का रिकार्ड रखना शामिल है। |
| नियम 6: अन्य मैच अधिकारी | अन्य मैच अधिकारी ऑप्शनल हैं। |
| नियम 7: मैच की अवधि | अंडर 9 और 10:<br>मैच का समय: प्रत्येक 18 मिनट के 2 हाफ्स।<br>ब्रेक टाइम: 6 मिनट<br>अंडर 11 और 12:<br>मैच का समय: 24 मिनट के 2 हाफ्स।<br>ब्रेक का समय: 8 मिनट |
| नियम 8: खेल की शुरुआत और पुनः आरंभ | विरोधियों को सेंटर मार्क से कम से कम 5 गज की दूरी पर होना चाहिए। |
| नियम 9: खेल के अंदर और बाहर बॉल | आउट: खेल से बाहर होने के लिए बॉल को पूरी तरह से लाइन को पार करना होगा।<br>इन: बॉल को पिच के अंदर किक किया जा सकता है। |
| नियम 10: मैच के परिणाम का निर्धारण | एक गोल तब किया जाता है जब बॉल गोल पोस्ट के अंदर, गोल लाइन के ऊपर से पूरी तरह से गुजरती है। |
| नियम 11: ऑफसाइड | ऑफसाइड रूल ऑप्शनल है |
| नियम 12: फाउल्स और मिसकंडक्ट | खेल के आईएफएबी/फीफा नियम लागू होते हैं। पीले और लाल कार्ड पेश किए गए हैं। सावधानी के लिए पीला कार्ड है। अगर किसी खिलाड़ी को दो पीले कार्ड या एक लाल कार्ड मिलता है, तो वह 2 मिनट के लिए खेल से बाहर हो जाएगा। |
| नियम 13: फ्री किक्स | अंडर 9 और 10: सभी फ्री किक्स डायरेक्ट हैं<br>अंडर 11 और 12: इनडायरेक्ट फ्री किक्स शुरू की जाएगी। |
| नियम 14: पेनल्टी किक | अगर रेफरी/खेल अधिकारी को लगता है कि पेनल्टी क्षेत्र के अंदर कोई गंभीर फाउल किया गया है तो पेनल्टी किक दी जाती है। |
